झारखण्ड सरकार

कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची।
वन भवन, डोरण्डा, रांची-834002
E-mail-pccf-jhk@.gov.in 0651-2481909 (T) 2480413 (F)

पत्रांक : 11E-19(A)III-03/2018 Voll-I - 2597 दिनांक : 29.07.19

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सभी)।
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सभी)।
क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक (सभी)।
मुख्य वन संरक्षक (सभी)।
वन संरक्षक (सभी)।
वन प्रमण्डल पदाधिकारी (सभी)।

**विषय : दिनांक 07.08.2019 को 11:00 बजे (पूर्वाह्न) पलाश सभागार, राँची में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं HoFF झारखण्ड, राँची की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षात्मक बैठक आहूत करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि दिनांक 07.08.2019 को 11:00 बजे (पूर्वाह्न) पलाश सभागार, राँची में एक विभागीय समीक्षात्मक बैठक आहूत की जाती है जिसमें प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं HoFF द्वारा संलग्न एजेण्डा में वर्णित विभागीय विषयों पर समीक्षा की जाएगी। अनुरोध है कि ससमय बैठक में भाग लेने की कृपा करें। उक्त संबंधित प्रतिवेदन (Google Sheet एवं hard copy) 01.08.2019 तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
29.7.19
प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक : 11E-19(A)III-03/2018 Voll-I - 2597 दिनांक : 29.07.19

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कोषांग / सहायक वन संरक्षक, प्रबंधन / पी0एफ0 / बजट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29.7.19
प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, राँची।

D:\सेंटर\मिश्की जी\forwading letter metting 07.08.2019.docx

ज्ञापांक : 11E-19(A)III-03/2018 Voll-I -2597 दिनांक : 29.07.19

प्रतिलिपि :– ENVIS Cell को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29.7.19

प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक : 11E-19(A)III-03/2018 Voll-I 2597 दिनांक : 29.07.19

प्रतिलिपि :– मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक, भगवान बिरसा मुण्डा जैविक उद्यान, चकला ओरमांझी, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आपसे अनुरोध है कि दिनांक 07.08.2019 को पलाश सभागार, राँची को आरक्षित कर आवश्यक व्यवस्था करने की कृपा करेंगे।

29.7.19

प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, राँची।

D:\लेटर\मिश्की जी\forwading letter metting 07.08.2019.docx

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं HoFF झारखण्ड, राँची की अध्यक्षता में दिनांक 07.08.2019 को आहूत विभागीय समीक्षात्मक बैठक हेतु निर्धारित समय–सारणी।

दिनांक 07.08.2019

| | |
|---|---|
| 11:00 बजे पूर्वाह्न | – दिनांक 11.03.2019 को हुई विभागीय समीक्षात्मक बैठक में लिये गये निर्णयों पर अद्यतन अनुपालन प्रतिवेदन (सुलभ संकेत हेतु कार्यवाही की छायाप्रति संलग्न)। |
| 11:30 बजे पूर्वाह्न | – माह जून 2019 का सामान्य लेखा, कैम्पा लेखा तथा विशेष लेखा (IWMP, MNREGA, आदि) समर्पण का प्रतिवेदन। |
| 12:00 बजे मध्याह्न | – सेवान्त लाभ एवं विभागीय कार्यवाही से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन। |
| 12:30 बजे अपराह्न | – अवैध पातन [खैर वृक्ष अवैध पातन, अवैध कत्था निर्माण, तथा सारण्डा में अवैध पातन पर विशेष आलेख संबंधित क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक / मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी / मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, मेदिनीनगर 03.07.2019 तक उपलब्ध कराएँगे] |
| 1:00 बजे अपराह्न | – अवैध खनन [ कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी में ब्लू–स्टोन अवैध खनन की रोकथाम पर विशेष आलेख संबंधित क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक / मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी 03.07.2019 तक उपलब्ध कराएँगे] |
| 1:30 बजे अपराह्न | – भोजनावकाश। |
| 2:00 बजे अपराह्न | – वन भूमि अतिक्रमण [ वन भूमि पर अफीम की खेती पर विशेष आलेख संबंधित क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक / मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी / मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, मेदिनीनगर 03.07.2019 तक उपलब्ध कराएँगे] |
| 2:30 बजे अपराह्न | – मा0 उच्च न्यायालय / सर्वोच्च न्यायालय / NGT में दायर वाद [प्रतिवेदन में अवमाननावाद अलग पृष्ठ पर सूचीबद्ध किया जाय; मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन / अपील की स्थिति विशेष रूप में दर्शायी जाय।] |
| 3:00 बजे अपराह्न | – आई0टी0 एक्ट, 1961 के तहत टी0डी0एस0 / टी0सी0एस0 प्रावधान पर *PowerPoint presentation* (पूर्व में संचारित संबंधित पत्र की छायाप्रति संलग्न) भी आयकर विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जाएगा। |
| 3:30 बजे अपराह्न | – लंबित अंकेक्षण प्रतिवेदन निराकरण की समीक्षा। |

4:00 बजे अपराह्न – अधिहृत वाहनों का निष्पादन।

4:30 बजे अपराह्न – वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत अस्वीकृत मामलों का Geo-coordinates संबंधी प्रतिवेदन।

5:00 बजे अपराह्न – जंगली जानवरों से हुई क्षति / मुआवजा भुगतान [ प्रतिवेदन माह मार्च, अप्रैल, मई एवं जून, 2019 का अलग–अलग ]

5:30 बजे अपराह्न – वन्यप्राणियों से संबंधित अपराध के अभियोजन की प्रगति [ विशेष आलेख ]

– प्रारंभिक कार्य नियोजना के निर्माण एवं समर्पण की समीक्षा।

– वन भू–अभिलेखों के सुदृढ़ीकरण के संबंध में अद्यतन स्थिति की समीक्षा। प्रमण्डलवार वनों के क्षेत्रफल की समीक्षा।

– SPA/ सीड आर्चर्ड स्कीम हेतु; प्रमंडलों से प्रस्ताव।